01.12.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ भुवनेश्वर में अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन में देश के विभिन्न सुरक्षा संबंधी मुद्दों से निपटने के लिए रोडमैप तैयार किया गया।

○ सीमा सुरक्षा बल आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–बीएसएफ साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक।

○ विश्व एड्स दिवस पर आज विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन–केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने लोगों से एचआईवी संक्रमितों के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाने की अपील की।

○ राजसमंद में आज से कुंभलगढ़ फेस्टिवल की रंगारंग शुरूआत।

000

भुवनेश्वर में चल रहे अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन के अंतिम दिन आज देश के विभिन्न सुरक्षा संबंधी मुद्दों से निपटने के लिए आगामी वर्ष के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया। सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। मुख्य रूप से साइबर अपराध, तटीय सुरक्षा और माओवादी उग्रवाद से निपटने पर मंथन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद रहे। शीर्ष पुलिस अधिकारियों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ड्रोन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से उत्पन्न चुनौतियों और आतंकवाद विरोधी रणनीतियों पर इस दौरान विचार विमर्श हुआ। नारकोटिक्स जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

000

सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। बीएसएफ की स्थापना का उद्देश्य देश की सीमाओं की रक्षा करना और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा बनाये रखना है। इसकी स्थापना 1965 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के बाद सीमाओं की सुरक्षा के लिए की गई थी। यह विश्व का सबसे बडा सीमा सुरक्षा बल है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवानों को शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि बीएसएफ साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक है। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षा में बीएसएफ की सतर्कता और साहस की सराहना की।
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्थापना दिवस पर बीएसएफ कर्मियों और उनके परिवारों को बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा कि बीएसएफ के जवानों ने देश के सम्मान और महत्वाकांक्षाओं की रक्षा पूरी दृढ़ता के साथ की है। श्री शाह ने कर्तव्य की राह पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया पोस्ट पर 'सीमा सुरक्षा बल' के सभी वीर जवानों, अधिकारियों और उनके परिजनों को सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी है।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर में पहाड़ियों पर अवैध रूप से रह रहे बाहरी लोगों की धरपकड़ और पहचान के लिए विशेष टास्क फोर्स बनाने के निर्देश दिये हैं। श्री देवनानी ने अजमेर के सर्किट हाउस में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को इस संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अगली बारिश से पहले शहर की ड्रेनेज व्यवस्था में सुधार करने को कहा। साथ ही उन्होंने पुलिस अधीक्षक को अभय

कमांड सेंटर को नाइट विजन कैमरों से लैस किये जाने और पुलिस गश्त बढाने के भी निर्देश दिये।

000

जैसलमेर के गड़ीसर सरोवर, बड़ा बाग, धोलिया और डीएनपी क्षेत्र में इन दिनों कबूतरों की विभिन्न प्रजातियां नजर आने से पर्यावरण और पक्षी प्रेमियों में खुशी की लहर है। देश–विदेश से आने वाले सैलानी भी इन्हें देखकर उत्साहित हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार सरहदी जिले में अच्छी बारिश होने और वृक्षारोपण अभियानों के कारण विभिन्न प्रकार के कबूतरों की मौजूदगी देखने को मिल रही है।

............

000

विश्व एड्स दिवस पर आज देश–प्रदेश में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने इस अवसर पर लोगों से एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने की अपील की है। मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री नड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार ने एचआईवी सुरक्षा अधिनियम 2017 के माध्यम से संक्रमित व्यक्तियों के साथ किसी भी तरह के भेदभाव को रोकने का काम किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने जांच और उपचार की नीति पर अमल किया। उन्होंने कहा कि इसके परिणाम स्वरूप अब देश में एड्स से होने वाली मौत में 79 प्रतिशत की कमी आई है और नए संक्रमण भी 44 प्रतिशत कम हुए हैं। श्री नड्डा ने कहा कि भारत ने इस बीमारी की सबसे सस्ती और कारगर दवा बनाने में सफलता प्राप्त की है। स्वास्थ्य मंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भारत वर्ष 2030 तक इस बीमारी से मुक्त हो जाएगा। उन्होंने एड्स से पीड़ित व्यक्तियों के मानवाधिकारों की रक्षा करने का आह्वान किया।

............

प्रदेश में भी एड्स रोग के प्रति जागरुकता के लिए कार्यक्रम हुए। डूंगरपुर के मेडिकल कॉलेज और एआरटी सेंटर की ओर से जागरुकता रैली निकाली गई। कोटपूतली–बहरोड़ जिले के बानसूर में राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों को एड्स उन्मूलन के लिए देश में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। पाली के राजकीय बांगड अस्पताल में संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आज से पशु परिचर सीधी भर्ती परीक्षा शुरू हुई। तीन दिन तक चलने वाली ये परीक्षा दो पारियों में आयोजित की जा रही है। पारियों का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम साढे पांच बजे तक रखा गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित हो रही इस परीक्षा को लेकर प्रशासन ने विशेष इंतजाम किये हैं। हनुमानगढ में आज जिला कलेक्टर ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

आज ही देश के 25 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षा कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट–क्लैट–2025 का भी आयोजन हुआ। प्रदेश के तीन शहरों जयपुर, जोधपुर और कोटा में इसके लिए परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे।

000

जयपुर में बालश्रम टास्क फोर्स ने ट्रांसपोर्ट नगर में ऑटोमोबाइल रिपेयर की 7 दुकानों पर छापा मार कर वहां काम कर रहे 11 बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया है। सभी बाल श्रमिकों की आयु 11 से 15 वर्ष के बीच है। वरिष्ठ श्रम निरीक्षक अंकिता महर्षि ने बताया कि इन बाल श्रमिकों को परामर्श और अस्थाई संरक्षण के लिए गांधी नगर स्थित बाल कल्याण समिति की टीम को सौंपा गया है।

000

राजसमंद में आज से कुंभलगढ़ फेस्टिवल की रंगारंग शुरूआत हुई। कुंभलगढ़ दुर्ग पर शुरू हुए इस तीन दिवसीय उत्सव के तहत पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से हल्ला पोल से शोभायात्रा निकाली गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि दुर्ग परिसर में सुबह के समय प्रदेश के लोक कलाकारों ने अपनी रंगा रंग प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान पर्यटकों में खासा उत्साह देखा गया।

.............

000

दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे पर कोटा जिले के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के पास बन रही 8 लेन टनल में कल देर रात मिट्टी ढहने से चार मजदूर मलबे में दब गए। इनमें से एक की मौत हो गई। तीन मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक देहरादून का निवासी था। इस हादसे पर एनएचएआई के मुख्यालय ने एक कमेटी गठित कर जांच शुरू कर दी है। यह कमेटी पूरी सुरक्षा ऑडिट करेगी। इसमें टनल के विशेषज्ञ होंगे। वे पता करेंगे कि ठेका फर्म द्वारा सुरक्षा को लेकर क्या इंतजाम किये गये थे और हादसे के कारणों का पता लगाया जाएगा।

000

सिरोही के रोहिड़ा में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार से 53 किलो डोडा पोस्त बरामद किया है। कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देश पर जिलेभर में चलाए जा रहे मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान के दौरान ये कार्रवाई की गई थी।

000

प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आस–पास बना हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे कम 7 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान मांउट आबू में दर्ज हुआ। सिरोही में 8 दशमलव 2 डिग्री, सीकर के फतेहपुर में 9, डबोक में 9 दशमलव 1, चित्तौडगढ में 9 दशमलव 2, बारां के अंता में 9 दशमलव 5, भीलवाडा में 9 दशमलव 8 और राजधानी जयपुर में 13 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आगामी पांच दिनों तक प्रदेश के अधिकांश भागों में न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान राज्य में कहीं भी शीतलहर और घना कोहरा छाने के भी आसार नहीं हैं।

000